आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.10.2024 समय : 1905

- राष्ट्रव्यापी रोज़गार मेला का चौंथा चरण कल आयोजित होगा।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कल करीब एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।
- राजनेताओं और राजनीतिक दलों दबाव के चलते जी बी पंत अस्पताल के दो वरिष्ठ विशेषज्ञों ने अपना त्यागपत्र दे दिया है।
- अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण नियंत्रण समिति ने लोगों से दीपावली का पर्व मनाते समय सावधानी बरतने को कहा है।
- अंडमान निकोबार राज्य सहकारी संघ की ओर से सौंदर्यकरण, सिलाई, फैशन डिजाइनिंग और कम्प्यूटर शिक्षा पर कौशल विकास पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रव्यापी रोज़गार मेला का चौंथा चरण कल आयोजित होगा। देश भर के चालीस अलग–अलग स्थानों पर सुबह दस बजे रोज़गार मेला आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बाटेंगे। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में करीब एक हजार चवालीस युवाओं में रोज़गार के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा, जो राष्ट्रव्यापी नियुक्तियों की संख्या में सबसे अधिक है। कल डीब्रेट में आयोजित होने वाले रोज़गार मेला में कोयला और खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे मुख्य अतिथि होंगे। सांसद बिष्णु पद रे सम्माननीय अतिथि होंगे। इस अवसर पर अतिथियों के अलावा प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। नियुक्ति पत्र पाने वाले उम्मीदवारों और उनके अभिभावकों अथवा रिश्तेदारों से अनुरोध किया गया है कि वे कल सुबह नौ बजे तक अपनी सीट ग्रहण कर लें। उम्मीदवारों की सुविधा के लिए नेताजी स्टेडियम में असम्बेली प्वाइंट बनाया गया है, जहां उन्हें सुबह आठ बजे तक पहुंच जाना चाहिए। नेताजी स्टेडियम से उन्हें बस के माध्यम से डीब्रेट के सभागार तक पहुंचाया जाएगा।

<><><><><><><>

राजनेताओं और राजनीतिक दलों से जुड़े कुछ तत्वों के बार–बार जी बी पंत अस्पताल और अनिम्स के कामकाज में दखल देने के कारण दो वरिष्ठ विशेषज्ञों ने अपना त्यागपत्र दे दिया है। जी बी पंत अस्पताल में पिछले कई दिनों से बाहरी लोग, राजनेता और उनके सहयोगी अस्पताल परिसर में फोटो और वीडियो बनाकर मरीजों की देखभाल पर असर डाल रहे थे। इस तरह की कार्रवाई की पहले भी आलोचना की गई और अस्पताल परिसर में फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करने को लेकर प्रतिबंध भी लगाया गया। बाहरी लोगों की इस तरह की कार्रवाई से नाराज़ सामान्य मेडिसन के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पाडी और स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. एम के शाह ने इस परिस्थिति में काम करने से मना करते हुए अपना त्यागपत्र दे दिया है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने अपने कार निकोबार के दो दिवसीय दौरे के दौरान निकोबार ज़िला उपायुक्त और विभिन्न विभागों के प्रमुखों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न परियोजनाओं की उपलब्धियों और प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सड़क की मरम्मत, बिजली की आपूर्ति, स्ट्रीट लाईट, पानी की कमी, स्वास्थ्य, परिवहन और शिक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आदिवासी समुदायों के कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की और इन सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए ज़िला उपायुक्त से अनुरोध किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों और स्वास्थ्य कर्मियों से भी मुलाकात की।

<><><><><><><>

दीपावली का पर्व मनाए जाने के सिलसिले में शहर के बाजारों में काफी रौनक है और लोग खरीददारी करने में व्यस्त है। पटाखों की बिक्री के लिए इस बार भी श्री विजयपुरम के आई टी एफ मैदान में व्यवस्था की गई है। कल धनतेरस है। कल के दिन लोग सोने–चांदी के बर्तनों के अलावा आभूषण और वस्त्रों आदि की खरीद करते हैं। इसके अगले दिन छोटी दीपावली का पर्व मनाया जाएगा।

इस बीच, दीपावली के पर्व को देखते हुए घरों को सजाने के साथ–साथ इसकी साफ–सफाई का काम भी जोरों पर है। अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने लोगों से दीपावली का पर्व मनाते समय सावधानी बरतने को भी कहा है। विशेषकर बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। रात्रि आठ बजे से दस बजे के बीच ही पटाखे जलाने की अनुमति होगी। अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक स्थल, पेट्रोल पम्पों और सड़कों पर पटाखे न जलाने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान अंडमान निकोबार कमान का दौरा करेंगे। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान वे कमान के कर्मियों और उनके परिजनों के साथ दीपावली महोत्सव में भाग लेंगे। उनकी उपस्थिति से सशस्त्र बलों के कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य सहकारी संघ की ओर से सौंदर्यकरण, सिलाई, फैशन डिजाइनिंग और कम्प्यूटर शिक्षा पर कौशल विकास पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस पाठ्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में इन्हें प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। आज ऐसा ही एक कार्यक्रम संघ के कार्यालय परिसर मे आयोजित हुआ। इस अवसर पर सहकारिता विभाग की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज मुख्य अतिथि थी। उन्होंने द्वीपों के युवाओं के लिए इस तरह के पाठ्यक्रम आयोजित करने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सहकारी संघ को समाज के लिए किए जा रहे कार्यों में सहकारिता विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से अनुरोध किया कि वे अपनी कौशल का उचित उपयोग करते हुए स्वरोज़गार को अपनाएं। संघ के अध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा आने वाले वर्षों में संघ की ओर से किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी दी। सहकारी संघ के प्रधानाचार्य डॉ. नागेश राम ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><>

आर जी टी पब्लिक विद्यालय में बालिका विद्यार्थियों के लिए आत्मरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गैर सरकारी संगठन पंख और राष्ट्रीय लाइफ सेविंग सोसाइटी के सहयोग से आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक दस से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग की बालिका छात्राएं अपने नाम सुबह नौ बजे से दिन में एक बजे के बीच स्कूल में दर्ज करा सकती हैं।

<><><><><><>

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की श्री विजयपुरम इकाई की ओर से कल चिन्मय मिशन के परिसर में कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यक्तित्व विकास और संगठन के कार्य के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने जिम्मेदार नागरिक के रूप में विद्यार्थियों की समाज और देश के कल्याण और विकास में भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती ने विद्यार्थियों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने और दूसरों के जीवन में भी खुशियां लाने पर अनुरोध किया। डॉ. कंडीमुत्थु और डॉ. संतोष कुमार झा ने सत्र के दौरान परिषद की भूमिका, कार्य के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्र प्रथम

की दृष्टिकोण के साथ कार्य करने को कहा। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के सत्तर से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स को सर्वश्रेष्ठ संगठन का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कल मुम्बई के कोलाबा में विश्व ट्रेड सेन्टर में आयोजित कार्यक्रम में जाने–माने फिल्मी हस्ती और निर्देशक अरबाज़ खान ने आटो के अध्यक्ष एम. विनोद को ये पुरस्कार सौंपा।

<><><><><><><>

डीब्रेट में बी टेक की इस वर्ष तेईस नवम्बर से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य कल से सात नवम्बर तक किया जाएगा। उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थी, जिनका बकाया पेपर है और नियमित विद्यार्थी जो इस परीक्षा के लिए योग्य है, उन्हें अपने–अपने संकाय प्रभारी या सदस्यों से संपर्क करने या परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त करने को कहा गया है।

<><><><><><><>